# गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

## विद्यापरिषद् की अति आवश्यक बैठक दिनांक 01.11.2018 के कार्यवृत्त

विद्यापरिषद् की की अति आवश्यक बैठक दिनांक 01.11.2018 को विश्वविद्यालय के सभागार में माननीय कुलपति महोदया की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

उपस्थिति निम्नानुसार रही :-

| | | |
|---|---|---|
| 01. | प्रो0 अंजिला गुप्ता, कुलपति | अध्यक्ष |
| 02. | प्रो0 ए.के. सक्सेना | सदस्य |
| 03. | प्रो0 व्ही.डी. रंगारी | सदस्य |
| 04. | प्रो0 अनुपमा सक्सेना | सदस्य |
| 05. | डॉ0 रेणु भट्ट | सदस्य |
| 06. | प्रो0 पी.के. बाजपेयी | सदस्य |
| 07. | प्रो0 मनीष श्रीवास्तव | सदस्य |
| 08. | प्रो0 व्ही.एस. राठौर | सदस्य |
| 09. | डॉ0 निलकांत पानीग्रही | सदस्य |
| 10. | डॉ0 एस.सी. तिवारी | सदस्य |
| 11. | डॉ0 पी.पी. मूर्ति | सदस्य |
| 12. | डॉ0 पुष्पराज सिंह | सदस्य |
| 13. | डॉ0 बी.डी. मिश्रा | सदस्य |
| 14. | डॉ0 ब्रजेश तिवारी | सदस्य |
| 15. | डॉ0 गोपा बागची | सदस्य |
| 16. | प्रो0 मनीषा दुबे | सदस्य |
| 17. | डॉ0 अच्युतानंद पण्डा | सदस्य |
| 18. | डॉ0 चारु अरोरा | सदस्य |
| 19. | डॉ0 सुशील कुमार शाहिल | सदस्य |
| 20. | डॉ0 मोनिका भदौरिया | सदस्य |
| 21. | डॉ0 एम. चक्रधर राव | सदस्य |
| 22. | डॉ0 भारती अहिरवार | सदस्य |
| 23. | प्रो0 ए.एस. रणदिवे | सदस्य |
| 24. | प्रो0 एस.एस. सिंह | सदस्य |
| 25. | प्रो0 एल.पी. पटैरिया | सदस्य |
| 26. | प्रो0 बी.एन. तिवारी | सदस्य |
| 27. | प्रो0 एम.के. सिंह | सदस्य |
| 28. | डॉ0 रश्मि अग्रवाल | सदस्य |
| 29. | डॉ0 पारिजात ठाकुर | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 30. | डॉ0 अश्वनी कुमार दीक्षित | सदस्य |
| 31. | डॉ0 संजित कुमार सरदार | सदस्य |
| 32. | श्री आर.के. चौबे | सदस्य |
| 33. | डॉ0 नमिता शर्मा | सदस्य |
| 34. | श्री अमित बघेल | सदस्य |
| 35. | डॉ0 व्ही.व्ही.एस.एस.के. हादी | सदस्य |
| 36. | डॉ0 एस.एस. ठाकुर | सदस्य |
| 37. | डॉ0 अमितेष झा | सदस्य |
| 38. | अधिष्ठाता छात्रकल्याण | सदस्य |
| 39. | प्रो. शैलेन्द्र कुमार, कुलसचिव(कार्यवाहक) | सचिव |

निम्नलिखित सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं थे :-

01. डॉ0 सी.एस. वझलवार

02. डॉ0 राजेश भूषण

03. ग्रंथपाल

बैठक के प्रारंभ में कुलपति/अध्यक्ष विद्यापरिषद् ने नवगठित विद्यापरिषद् के समस्त सम्माननीय सदस्यों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विकास में विद्यापरिषद् की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की एवं सदस्यों से आह्वान किया कि इस दिशा में वे महत्वपूर्ण सुझाव एवं मार्गदर्शन प्रदान करें। उपस्थित सदस्यों ने भी माननीय कुलपति/अध्यक्ष विद्यापरिषद् को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विकास में सतत् सहयोग करने एवं इस दिशा में अपनी भूमिका के प्रति आश्वस्त किया।

विषय वस्तु पर विधिवत चर्चा प्रारंभ होने के पूर्व माननीय अध्यक्ष महोदया ने सभी सदस्यों से निवेदन किया कि विद्यापरिषद् की गरिमा के अनुरूप ही माननीय सदस्य अपने सुझाव रखें एवं विषय वस्तु पर ही चर्चा करें। इसके पश्चात् अध्यक्ष की अनुमति से विषय वस्तु पर चर्चा प्रारम्भ हुई, जिसमें निम्नानुसार निर्णय लिये गये :-

**विषय क्र.-01** **केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के परिनियम क्रमांक 13 की कंडिका (1)(ix) के प्रावधानानुसार विद्यापरिषद् द्वारा शैक्षणिक प्रगति एवं विकास का विशेष ज्ञान रखने वाले 5 व्यक्ति, जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हो, के सहयोजन पर विचार करना।**

विचारोपरांत परिनियम क्रमांक 13 की कंडिका (IX) के प्रावधानानुसार विद्यापरिषद द्वारा शैक्षणिक प्रगति एवं विकास का विशेष ज्ञान रखने वाले 5 व्यक्ति, जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हो, के सहयोजन हेतु अध्यक्ष विद्यापरिषद् को अधिकृत किये जाने का निर्णय लिया गया।

**विषय क्र.-02** **विद्यापरिषद की स्थायी समिति में विद्यापरिषद् द्वारा अपने सदस्यों में से 04 सदस्यों के नामित किये जाने पर विचार करना।**

विचारोपरांत विद्यापरिषद की स्थायी समिति में विद्यापरिषद् द्वारा अपने सदस्यों में से 4 सदस्यों के नामित किये जाने हेतु अध्यक्ष विद्यापरिषद् को अधिकृत किये जाने का निर्णय लिया गया।

**विषय क्र.-03** **विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह दिनांक 16.11.2018 को आयोजित किये जाने की सूचना ग्रहण करना एवं अनुमोदन करना।**

विद्यापरिषद ने अंकित किया कि विभिन्न उपाधियों व शोध छात्रों को उपाधि से विभूषित किये जाने हेतु विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक में विश्वविद्यालय का आगामी दीक्षांत समारोह दिनांक 16.11.2018 को आयोजित होना निश्चित किया गया है।

विद्यापरिषद ने यह भी अंकित कि विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 24.10.2018 में विषय क्रमांक-07 के अंतर्गत दीक्षांत समारोह में श्री गोपाल व्यास जी, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता को आमंत्रित किये जाने का निर्णय स्थायी समिति द्वारा लिया गया है। स्थायी समिति ने सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया है कि श्री गोपाल व्यास जी को दीक्षांत समारोह में समाज को उनके विशिष्ठ योगदान हेतु इस विश्वविद्यालय की डी.लिट्. की मानद उपाधि (Honoris Causa) से विभूषित किया जाये। उपरोक्त निर्णय का अनुमोदन कार्यपरिषद के सदस्यों द्वारा परिसंचरण (By circulation) से किया गया है। कार्यपरिषद के अनुमोदन पश्चात् विश्वविद्यालय का प्रस्ताव अनुमोदन हेतु विजिटर महोदय को प्रेषित किया गया है।

विद्यापरिषद द्वारा उपरोक्त सूचना ग्रहण करते हुए कृत कार्यवाहियों का अनुमोदन किये जाने का निर्णय लिया गया।

अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण

**अ.अ.वि.क्र.01** विद्यापरिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि शैक्षणिक सत्र आरम्भ होने के दौरान सभी विभागाध्यक्ष अपने-अपने विभागों में प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम रखेंगे एवं उक्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय में प्रचलित प्रावधानों, सुविधाओं एवं छात्रों को मिलने वाले लाभों/पदकों/छात्रवृत्तियों आदि के बारे में संक्षिप्त जानकारी आवश्यक रूप से प्रदान करेंगे।

अ.अ.वि.क्र.02 सी.बी.सी.एस. प्रणाली के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी डॉ0 अश्वनी दीक्षित के ई.सी.ए. (Extra Curriculum Activity) के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि नोडल अधिकारी के प्रस्ताव पर प्रथमतः अधिष्ठातागण चर्चा करेंगे एवं यथोचित प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे। इस हेतु शीघ्र अतिशीघ्र अधिष्ठाताओं की बैठक आहूत करा ली जाय।

अ.अ.वि.क्र.03 विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह के आयोजन हेतु नियुक्त संयोजक, प्रो0 ए.एस. रणदिवे ने विद्यापरिषद के समक्ष दीक्षांत समारोह के आयोजन एवं तैयारियों का विवरण प्रस्तुत किया एवं बताया कि तैयारियां संतोषजनक है।

अ.अ.वि.क्र.04 वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कुलाधिपति पदक हेतु नियमित विनियम में संशोधन की आवश्यकता महसूस की गई। प्रचलित विनियम के परीक्षण हेतु समिति का गठन किया जाय, समिति के गठन हेतु कुलपति/अध्यक्ष को अधिकृत किया गया।

अ.अ.वि.क्र.05 विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा समय-समय पर छात्र/छात्राओं इत्यादियों के संबंध में जानकारियां मांगी जाती है, जो कि शैक्षणिक विभागों से उपलब्ध कराया जाना आवश्यक होता है। समय पर जानकारियां उपलब्ध न कराये जाने के कारण समय सीमा पर संकलित जानकारियां संबंधित संस्थान को प्रेषित करने में असुविधा होती है, इस संबंध में अध्यक्ष विद्यापरिषद द्वारा समस्त अध्ययनशाला के अधिष्ठाताओं को एवं शैक्षणिक विभागों के विभागाध्यक्षों को यह निर्देशित किया गया कि मांगी गई समस्त जानकारियां संबंधित प्रशासनिक विभाग को समय सीमा पर उपलबध कराया जाना सुनिश्चित करें।

बैठक के अंत में अध्यक्ष विद्यापरिषद द्वारा सदन में उपस्थित सभी सदस्यों को दीपावली की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनायें दी गई। इसके पश्चात् अध्यक्ष एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुई।

(प्रो0 अंजिला गुप्ता)
कुलपति/अध्यक्ष

(प्रो0 शैलेन्द्र कुमार)
कुलसचिव (कार्यवाहक)/सचिव